:: कार्यालय कलेक्टर, दुर्ग (छ.ग.)
।। आदिवासी विकास शाखा ।।

फैक्स नं. 0788-2323655, ई-मेल -actwd.durg@gmail.com

क्रमांक / 428 / आ.जा.क. / 6 / अ.छा. / 2022

प्रति,

दुर्ग दिनांक 05/08/2022

सर्व प्राचार्य / संस्था प्रमुख
शासकीय / अशासकीय / विशवविद्यालय / महाविद्यालय /
आई.टी.आई. / पॉलीटेक्निक कालेज..
जिला दुर्ग (छ.ग.)

विषय:- शासकीय / अशासकीय / अनुदान प्राप्त महाविद्यालय / विश्वविद्यालयो को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल मे पंजीयन / अद्यतनीकृत कर अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों का ऑनलाईन आवेदन फार्म भरे जाने बाबत।

संदर्भ:- छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग पुराना नर्सेस हॉस्टल, डी.के.एस.भवन रायपुर पत्र क्रमांक / छात्रवृत्ति / अ.स.आ. / 2022-23 / 571 रायपुर, दिनांक 22.07.2022

—00—

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करे जिसमे भारत सरकार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक एवं मेरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2022-23 के लिए https://scholarships.gov.in/ मे ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु पोर्टल खोला गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

योजना का नाम	आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि	संस्था द्वारा verification की अंतिम तिथि
पोस्ट मैट्रिक अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजना	31-10-2022	15-11-2022
व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रमो के लिए मेरिट कम मीन्स अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति	31-10-2022	15-11-2022

नेशनल स्कालरशीप पोर्टल मे संस्थाओं के वेरिफिकेशन (verification) की प्रकिया मे परिवर्तन किया गया है। प्रत्येक संस्था अपने लॉगिन के माध्यम से संस्था के अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति प्रभारी (नोडल अधिकारी) का आधार नंबर की प्रविष्टि किया जाना है। उक्त प्रविष्टि को जिलाधिकारी द्वारा वेरिफाई (verify) किया जाना है। इसके पश्चात् ही उक्त संस्था द्वारा विद्यार्थियों की स्कुटनी (scrutiny) की जा सकेगी। नोडल अधिकारी द्वारा प्रविष्ट किये गये आधार नंबर से लिंक मोबाईल नम्बर पर ही संस्था को विभिन्न प्रक्रियाओं हेतु ओटीपी (OTP) प्राप्त होगा।

अतएव उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आपके महाविद्यालय मे अध्ययनरत अल्पसंख्यक (मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी) छात्र / छात्राएँ जो छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उन्हे अनिवार्य रूप से ऑनलाईन आवेदन कराया जाकर संस्था की कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्न:- उपरोक्तानुसार।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, दुर्ग

क्रमांक / 428 / आ.जा.क. / 6 / अ.छा. / 2022 दुर्ग, दिनांक 05/08/2022

प्रतिलिपि -

1. सचिव, छ.ग.राज्य अल्पसंख्यक आयोग पुराना नर्सेस हॉस्टल, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेशित।
2. कलेक्टर, जिला दुर्ग छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ प्रेशित।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास, दुर्ग

365
5.8.22